गोरखपुर एयरपोर्ट का होगा वसि्तार

चर्चा में क्यों

24 जनवरी, 2023 को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के ज़िलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर गोरखपुर एयरपोर्ट के वसि्तार को रक्षा मंत्रालय ने मंज़ूरी दे दी है, जिसके लिये मंत्रालय ने एयरपोर्ट हेतु 14 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने के साथ ही 76.66 करोड़ रुपए भी आवंटित कर दिया है।

प्रमुख बिंदु

- गोरखपुर के ज़िलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने बताया कि एयरपोर्ट के वसि्तार से पार्किंग वे दो की जगह 10 हो जाएंगे। वहीं वाहनों की पार्किंग भी एयरपोर्ट परसिर के अंदर ही होने लगेगी। वर्तमान में गोरखपुर से दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, प्रयागराज के लिये रोज़ाना 10 उड़ानें उपलब्ध हैं।
- एयरपोर्ट का वसि्तार होने के बाद चेन्नई, बेंगलुरु, वाराणसी समेत कई और महत्त्वपूर्ण शहरों के लिये उड़ानें शुरू हो जाएंगी।
- विदित है कि गोरखपुर एयरफोर्स स्टेशन परसिर में स्थित 14 एकड़ भूमि, जो गोरखपुर एयरपोर्ट को सौंपी गई है, वह राजस्व दस्तावेज़ में रक्षा मंत्रालय के नाम पर अंकित है। इसी ज़मीन के हस्तांतरण के लिये ज़िला प्रशासन ने राज्य सरकार का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को भेजा था।
- गोरखपुर एयरपोर्ट के निदेशक अनिल कुमार द्विवेदी ने बताया कि एयरपोर्ट के वसि्तार हो जाने से विमानों की संख्या तो बढ़ेगी ही, साथ ही यात्रियों की क्षमता भी बढ़ जाएगी। इसके वसि्तार से कई और शहरों के लिये सीधी उड़ान सेवाएँ शुरू हो जाएंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gorakhpur-airport-will-be-expanded